रोहतक
शनिवार 31 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी/चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 362
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 23.8
न्यून. 5.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 टेनिस टूर्नामेंट : गाडेकी-पीयर्स ने लगातार दूसरे साल जीता मिश्रित युगल का खिताब




## खबर संक्षेप

### दो फरवरी से अपलोड होंगे प्रायोगिक परीक्षा के अंक

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएससी) ने फरवरी-मार्च 2026 में होने वाली सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की है। बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रैक्टिकल परीक्षां 2 फरवरी से 16 फरवरी, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सभी सरकारी और गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों, गुरुकुलों और विद्यापीठों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक और आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन अपलोड करें। यह प्रक्रिया 2 फरवरी से शुरू होकर 19 फरवरी, 2026 तक चलेगी।

### सैनिक अभ्यास के बाद फटा बम, 1 की मौत

**गया।** सैनिक अभ्यास के बाद सुरक्षा मानकों के पालन में हुई गंभीर लापरवाही एक नाबालिग की जान पर भारी पड़ गई। बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के बुमेर पंचायत के विघी पहाड़ी के समीप स्थित सैनिक अभ्यास फील्ड रेंज में शुक्रवार को अप्रस्फुटित विस्फोटक के फटने से 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



### एपल का नया रिकॉर्ड भारत बना ग्रोथ का केंद्र

**नई दिल्ली।** एपल के सीईओ टिम कुक ने हालिया अर्निंग कॉल के दौरान बताया कि कंपनी के एक्टिव डिवाइस की संख्या अब 250 करोड़ तक पहुंच चुकी है। इसमें आईफोन, आईपैड, एपल वॉच और अन्य प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इस आंकड़े को कंपनी एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देख रही है। जनवरी 2025 में एपल के पास 2.35 अरब एक्टिव डिवाइस थे, जबकि 2024 में यह संख्या 2.2 अरब थी। यानी 2024 से 2026 के बीच करीब 15 करोड़ नए डिवाइस एपल के एक्टिव यूजर बेस में जुड़े हैं, जो लगातार बढ़ती मांग को दिखाता है। भारत में एपल की कमाई में डबल डिजिट के आंकड़ों में शानदार बढ़त देखी गई है।

# चांदी क्रैश, सोना भी धड़ाम

## चांदी में 68689 की गिरावट 3.29 लाख/किलो हुई कीमत

## सोना भी 17451 गिरा, 1.68 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुझानों और डॉलर में उछाल के बीच निवेशकों द्वारा भारी मुनाफावसूली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 17451 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 68689 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गईं। बाजार सूत्रों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 17451 रुपये, या 7.65 प्रतिशत टूटकर 1,68,101 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 12,000 रुपये बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमत 68689 रुपये, या लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 3,29,546 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।



डॉलर में सुधार होने पर सर्राफा पर और अधिक दबाव पड़ा, चांदी की अत्यधिक खरीदारी हो रही

### भारी बिक्री के कारण गिरावट

उन्होंने कहा, ''यह गिरावट मुख्य रूप से बड़े संस्थागत कारोबारियों द्वारा लंबे सौदों की भारी बिक्री के कारण हुई, जिन्होंने कई सत्रों की मजबूत बढ़त के बाद मुनाफावसूली की कोशिश की।'' उन्होंने कहा कि डॉलर में सुधार होने से सर्राफा पर और दबाव पड़ा। ''तकनीकी नजरिए से, पिछले कई सत्रों से सोना और चांदी दोनों में अत्यधिक खरीदारी हो रही थी, जिससे तकनीकी सुधार यानी गिरावट आने का जोखिम बढ़ गया था।'' गांधी ने कहा कि तकनीकी स्थितियों में खिंचाव, संस्थागत मुनाफावसूली और डॉलर में सुधार, जिसके जारी रहने की संभावना है।

### एमसीएक्स व सर्राफा बाजार के दाम अलग-अलग क्यों?

**एमसीएक्स :** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जहां सोने-चांदी की ट्रेडिंग होती हैं। शेयर बाजार की तरह हर सेकंड बोलियां लगती हैं जिससे दाम लगातार ऊपर नीचे होते हैं। यहां दाम बेहद तेजी से बदलते रहते हैं।

**सर्राफा:** यह वह जगह है जहां आप फिजिकल सोना-चांदी खरीदते हैं। फिजिकल गोल्ड को लाने, ले जाने और स्टोर करने का खर्च इसमें जुड़ा होता है।

### सेंसेक्स 297 अंक टूटा



स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक की गिरावट आई, जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36% टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,424 में तेजी रही जबकि 1,783 में गिरावट आई जबकि 160 के भाव में बदलाव नहीं आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39% की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ।

*आदेश नहीं मानने पर स्कूल की मान्यता की जाएगी रद्द*

# स्कूलों में लड़कियों को फ्री मिलें सैनेटरी पैड, अलग टॉयलेट हों : सुप्रीम कोर्ट

- *देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश जारी*
- *कोर्ट में पिछले चार सालों से सुनवाई चल रही थी, अब फैसला*
- *सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में लगाई थी याचिका*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे। जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने आज सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनिटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है।



### लड़कियों के शरीर को बोझ के रूप में देखा जाता है

कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है।

## देश की पहली एलएनजी ट्रेन चलने को तैयार, एक बार टैंक फुल करने पर 2200 किलोमीटर तक चलेगी

**नई दिल्ली।** भारत की रेल सुविधाओं में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। क्योंकि देश की पहली लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) से चलने वाली ट्रेन अहमदाबाद पहुंच गई है। इस हाईटेक ट्रेन की खास बात यह है कि यह एक बार पूरी तरह से भरे टैंक में 2200 किलोमीटर तक की लंबी दूरी तय कर सकती है। गुजरात के मेहसाणा और साबरमती खंड के बीच ट्रेन का ट्रायल चल रहा है। ये ट्रेन अब तक 2000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुकी है। आने वाले समय में इस खंड की 8 से 10 और ट्रेनों में एलएनजी तकनीक को अपनाने की योजना है। सफल ट्रायल के बाद इस तकनीक का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत, लगभग 1400 हॉर्सपावर क्षमता वाली ट्रेनों को एलएनजी ईंधन प्रणाली में परिवर्तित किया गया है।



### प्रदूषण में आएगी भारी कमी

अहमदाबाद के डीआरएम वेद प्रकाश ने बताया कि एलएनजी डीजल से सस्ता होने के कारण ट्रेन चलाने की कुल लागत कम हो जाती है। एलएनजी ईंधन से प्रदूषण में भी भारी कमी आती है। कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और धूल के कण जैसे हानिकारक तत्व कम मात्रा में उत्पन्न होते हैं। इससे रेलवे ट्रैक के आसपास की हवा भी शुद्ध रहती है।

## तिरुपति प्रसाद विवाद : लड्डू में नहीं था गोमांस वाला घी

**तिरुपति(एजेंसी)।** तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले लड्डुओं में मिलावट का दावा आंध्र प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी एक अहम मुद्दा बन गया था। अब सीबीआई के नेतृत्व में जांच कर रही एसआईटी की टीम ने अपनी फाइनल चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में कहा गया कि 2019 से 2024 के बीच लड्डू वाला प्रसाद बनाने में इस्तेमाल किए गए घी में गोमांस की चर्बी या लार्ड नहीं था। बता दें कि नेल्लोर स्थित भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की अदालत में 23 जनवरी को आरोप पत्र दाखिल किया गया था।



## तकनीकी खराबी से लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं।

सऊदी जाते वक्त अचानक खराबी आई मुंबई में उतरने की परमिशन नहीं मिली तो लौटना पड़ा




**बजट उम्मीद** संतुलित और तर्कसंगत हो कर व्यवस्था

*इससे विदेशी प्लेटफार्म की ओर जाता है वॉल्यूम*

# क्रिप्टोकरेंसी में लोगों की रुचि बढ़ने के बावजूद निवेश अब भी महंगा व जटिल

सेंट्रल डेस्क ▸▸ रोहतक

हाल के वर्षों में भारत में क्रिप्टोकरेंसी के प्रति रुचि बढ़ी है, लेकिन नियमों में स्पष्टता की कमी और आक्रामक कर व्यवस्था ने भारत में क्रिप्टोकरेंसी या वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (वीडीए) में निवेश को काफी जटिल और महंगा बना दिया है। बजट 2026 नजदीक आते ही क्रिप्टो इकोसिस्टम में उत्सुकता बढ़ती जा रही है। उद्योग से जुड़े प्रतिभागी, कर विशेषज्ञ और निवेशक सभी एक संतुलित और न्यायसंगत दृष्टिकोण की उम्मीद कर रहे हैं। मुख्य प्रश्न यह है कि क्या बजट 2026 भारत में क्रिप्टो टैक्सेशन के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होगा या फिर मौजूदा स्थिति ही जारी रहेगी? हालांकि सरकार ने औपचारिक रूप से किसी प्रस्ताव का संकेत नहीं दिया है, लेकिन व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही है कि बजट 2026 आक्रामक कराधान के बजाय तर्कसंगतता और स्पष्टता पर ध्यान केंद्रित करेगा, खासकर तब जब भारत एक अधिक परिपक्व डिजिटल एसेट इकोसिस्टम की ओर बढ़ रहा है।

### एक फीसदी टीडीएस को कम करने की मांग

विशेषज्ञ कहते हैं कि एक प्रमुख अपेक्षा धारा 194एस के तहत 1% टीडीएस को तर्कसंगत बनाने की है। बाजार प्रतिभागियों ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि वर्तमान दर ने तरलता (लिक्विडिटी) को प्रभावित किया है, बिड-आस्क स्प्रेड को बढ़ाया है और ट्रेडिंग वॉल्यूम को विदेशी प्लेटफॉर्म्स की ओर धकेला है। इसलिए दर में कमी या सीमा (थ्रेशोल्ड) में वृद्धि की व्यापक उम्मीद है। वर्तमान कर ढांचे के तहत वीडीए लेनदेन से होने वाले नुकसान को अन्य वीडीए से होने वाले लाभ के खिलाफ समायोजित (सेट-ऑफ) करने की अनुमति नहीं है और न ही इन्हें आगामी वर्षों में आगे ले जाया जा सकता है।

### आयकर नियम और टीडीएस दरें क्या हैं?

वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (वीडीए) के किसी भी हस्तांतरण पर 30% की फ्लैट दर से कर लगाया जाता है, इसके अतिरिक्त लागू सरचार्ज और सेस भी जोड़े जाते हैं।

### ऐसे लगता है कर

- वीडीए लाभ पर कर दर 30% फ्लैट (आय स्लैब से स्वतंत्र) है
- सरचार्ज और सेस से प्रभावी दर लगभग 34.5% तक पहुंच सकती है
- अन्य आय के विरुद्ध नुकसान को सेट-ऑफ करने की अनुमति नहीं
- अन्य वीडीए लाभ के विरुद्ध नुकसान की सेट-ऑफ अनुमति नहीं
- नुकसान को आगे ले जाना यानी कैरी फारवर्ड की अनुमति नहीं
- कटौतियां केवल अधिग्रहण लागत (कोई अन्य खर्च/फीस नहीं) पर
- वीडीए का उपहार: यदि मूल्य 50,000 रुपये से अधिक हो तो कर योग्य

रोहतक
शनिवार 31 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी/चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 362
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 23.8
न्यून. 5.2


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 पांचवां टी-20 : सैमसन की फॉर्म में वापसी और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर






## खबर संक्षेप

### मोदी ने की वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति से बात




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से बातचीत की है। बातचीत में दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि भारत और वेनेजुएला आने वाले वर्षों में आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साझा विजन के साथ आगे बढ़ेंगे।

### तेलंगाना : मिड-डे मील खाने के बाद 14 छात्र बीमार, अस्पताल में भर्ती

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले में सरकारी स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 14 छात्र बीमार हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिड-डे मील में दाल और चावल परोसा गया था। पुलिस के मुताबिक छात्रों में फूड पॉइजनिंग जैसे लक्षण दिखाई दिए। फिलहाल सभी छात्रों की हालत स्थिर है। मिड-डे मील के सैंपल लेकर जांच की जा रही है।

### पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

**कोझिकोड।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा



सदस्य पी टी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सूत्रों ने बताया कि श्रीनिवासन शुक्रवार तड़के अपने आवास पर बेहोश हो गए जिसके तुरंत बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस दंपति का एक बेटा है जिसका नाम उज्ज्वल है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने केविन वॉर्श को चुना नया फेड चीफ


**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए फेडरल



रिजर्व के पूर्व गवर्नर केविन वॉर्श को केंद्रीय बैंक का अगला अध्यक्ष नामित किया। इस घोषणा के साथ ही ग्लोबल मार्केट में एक बड़ी हलचल देखी गई। वॉर्श को नीतिगत मामलों में एक 'संतुलित' लेकिन 'सख्त' विकल्प माना जाता है।

### देवी पद्मावती को 23 लाख के कर्णाभूषण अर्पित

**तिरुपति।** हैदराबाद के एक श्रद्धालु ने यहां तिरुचनूर में देवी पद्मावती



को 178 ग्राम वजनी एवं बहुमूल्य रत्नजड़ित स्वर्ण कर्णाभूषण अर्पित किए जिनकी कीमत करीब 23 लाख रुपये है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् ने बताया कि हैदराबाद के निवासी के. दीपक ने ये आभूषण देवी को अर्पित किए।

---

### जून 2025 में हुई कैबिनेट मीटिंग में दी थी मंजूरी

# शहीदों के बच्चों को आठ हजार महीना स्कॉलरशिप देगी सरकार

**5000 से 8000 रुपये तक वित्तीय सहायता दी जाएगी**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने एक छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है, जिसके तहत सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के शहीदों और युद्ध या ऑपरेशन में हताहत सैनिकों के बच्चों को 5,000 से 8,000 रुपये महीने तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सैनिक और अर्धसैनिक कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार की ओर से इसे लेकर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने जून 2025 में हुई कैबिनेट मीटिंग में युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की योजना को मंजूरी दी थी। अब इसका नोटिफिकेशन जारी कर इसे लागू किया गया है। नायब सिंह सैनी ने विधानसभा चुनावों से पहले जारी अपने संकल्प पत्र में इसका वादा किया था।

**खास बातें**
- कक्षा 6 से पोस्ट ग्रेजुएशन तक मिलेगा लाभ
- सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया

### 96000 रुपये साल तक का प्रावधान



नोटिफिकेशन के अनुसार, कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को प्रति वर्ष 60,000 रुपये मिलेंगे। जबकि, ग्रेजुएशन के छात्रों को प्रति वर्ष 72,000 रुपये मिलेंगे। पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे छात्रों के लिए छात्रवृत्ति राशि प्रति वर्ष 96,000 रुपये निर्धारित की गई है। नोटिफिकेशन में आगे कहा गया है कि युद्ध, आईईडी विस्फोट, आतंकवादी हमले, सीमा झड़पें, हृदय गति रुकना, हवाई दुर्घटना, समुद्र में मृत्यु, आंतरिक सुरक्षा कर्तव्य के दौरान, प्राकृतिक आपदाएं और बचाव अभियान में प्रभावित सैनिकों के बच्चों को योजना का लाभ मिलेगा। इनके लिए असाधारण साहस और निर्णय लेने की क्षमता की आवश्यकता होती है।

**हरियाणा का निवासी होना जरूरी**

पॉलिसी में यह प्रावधान है कि मृतक कर्मचारी को सेवा में शामिल होने के समय हरियाणा का निवासी होना चाहिए। चाहे उसका वर्तमान आवासीय पता कुछ भी हो। अधिसूचना में कहा गया है, "यदि केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों की तैनाती के कारण सेवा में शामिल होने के समय कर्मचारी का पता अस्थायी था, तो निवास स्थान का निर्धारण उनके पिता के स्थायी घर के पते के आधार पर किया जाएगा।"

### पुलिस कॉन्स्टेबल फॉर्म भरने की आज आखिरी तारीख

हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 जनवरी है। अब तक लगभग 3 लाख अभ्यर्थियों ने अपने फॉर्म को सबमिट कर लिया है। रात 11.59 बजे तक आवदेन किए जाएंगे। इसके बाद किसी प्रकार का अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। एचएसएससी चेयरमैन हिम्मत सिंह ने एक पोस्ट में लिखा कि पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह और जोश है। स्वयं मैंने यह देखा है कि युवा दिन रात मेहनत कर रहे हैं।



**3 लाख अभ्यर्थी फार्म भर चुके युवाओं में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिल रहा**

### एचसीएस परीक्षा के लिए 2 से कर सकेंगे आवेदन

हरियाणा में एचसीएस एलाइड भर्ती का विज्ञापन हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) ने जारी कर दिया है। अफसर बनने के लिए युवा इन पदों के लिए 2 फरवरी से आवेदन कर सकेंगे। विज्ञापन में सबसे ज्यादा 13 पोस्टें डीएससी के लिए रिजर्व की गई हैं। एचपीएससी द्वारा जनवरी 2026 में एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) और अलाइड सर्विसेज के लिए 102 पदों का आधिकारिक विज्ञापन जारी किया है। 26 अप्रैल 2026 को प्रारंभिक परीक्षा और 27-29 जून 2026 को मुख्य परीक्षा की तिथि घोषित की जा चुकी है। योग्य उम्मीदवार एचपीएससी की वेबसाइट **hpsc.gov.in** पर आवेदन कर सकेंगे।

**102 पदों पर भर्ती, डीएससी के लिए 13 पद रिजर्व**

**ये रहेगा एग्जाम का शेड्यूल**

एचसीएस भर्ती परीक्षा के शेड्यूल के अनुसार एचसीएस प्रीलिम्स परीक्षा 26 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसके बाद 27 से 29 जून तक मुख्य परीक्षा (मेंस) कराई जाएगी। हालांकि, आयोग की ओर से अभी एचसीएस भर्ती को लेकर आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है, लेकिन परीक्षा का शेड्यूल पहले ही घोषित कर दिया गया है।

---

# सुनेत्रा पवार हो सकती हैं महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री

### आज शाम 5 बजे ले सकती हैं शपथ

एजेंसी ▶▶| मुंबई



**एनसीपी नेता फडणवीस से मिले, अजित के विभाग मांगे**

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनने के लिए राजी हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को एनसीपी के विधायक दल की बैठक के बाद इसका ऐलान किया जाएगा। शाम 5 बजे शपथ ले सकती हैं। अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उपमुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी सीएम का पद भी था। सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्रालय सीएम फडणवीस के पास ही रह सकता है। डिप्टी सीएम, विभागों को लेकर शुक्रवार सुबह फडणवीस से मिलने उनके घर वर्षा बंगले पहुंचे। इसमें प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे शामिल हुए। मीटिंग आधे घंटे तक चली। यह भी दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे। एनसीपी शरद गुट के नेता एकनाथ खड़से ने कहा कि एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आएंगे। *(पेज 5 भी देखें)*

### एनसीपी विलय को लेकर दावे

अजित के करीबी किरण गुजर ने बताया कि वे दोनों गुटों को मिलाने के लिए 100% उत्सुक थे। उन्होंने पांच दिन पहले कहा था कि प्रक्रिया पूरी हो गई है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा कि अजीत के पास विलय और एकजुट एनसीपी के भविष्य के लिए एक रोडमैप तैयार था। एनसीपी के सीनियर नेता जयंत पाटिल ने भी कहा है कि विलय को लेकर अजित दादा और उनके बीच कई बैठकें हो चुकी थी। अजित इसे लेकर सकारात्मक थे। जिला परिषद चुनाव के बाद इस पर अंतिम निर्णय होना था। अजित दादा ने कहा था पहले स्थानीय निकाय के चुनाव गठबंधन करके लड़ा जाए, विलय का फैसला चुनाव के बाद लेंगे।

---

## कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन ने मारी खुद को गोली, मौत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रियल एस्टेट और कंज्यूमर/कॉनग्लोमेरेट सेक्टर से जुड़े कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सी.जे. रॉय ने बेंगलुरु में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बेंगलुरु के अनेपल्या इलाके में उनके घर पर हुई। बताया जा रहा है कि लगातार हो रही आयकर विभाग की कार्रवाई से रॉय काफी परेशान थे। जब आयकर अधिकारी रिचमंड रोड स्थित कॉन्फिडेंट ग्रुप के ऑफिस में रेड कर रहे थे, तभी रॉय ने अनेपल्या स्थित अपने घर में कथित तौर पर अपनी जान दे दी। हालांकि इस पहलू की जांच की जा रही है कि क्या उन्होंने जांच के दौरान ही खुद को गोली मारी। जानकारी के मुताबिक, आयकर (इनकम टैक्स) विभाग ने डॉ. सी.जे. रॉय से जुड़ी कंपनियों/ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापों के दौरान उनकी कमाई के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति (डिसप्रोपोर्शनेट एसेट्स) होने से जुड़े कुछ पहलुओं के सामने आने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद ही डॉ. रॉय के आत्महत्या करने की सूचना सामने आई है।



**आयकर विभाग की कार्रवाई से परेशान थे रॉय, ऑफिस में मृत मिले, पुलिस कर रही जांच**

## नोवाक जोकोविच 11वीं बार ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में पहुंचे



**मेलबर्न।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां उसका सामना वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज से एक फरवरी को दोपहर 2 बजे से होगा। 38 साल के जोकोविच ने मेंस सिंगल्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। वे ओपन एरा में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। *(संबंधित खबर खेल पेज पर)*

**वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज से होगा मुकाबला**



अस्पताल में प्रसूता और नवजात

## ठंड में सड़क पर तिरपाल ओढ़ाकर मोबाइल टॉर्च की रोशनी में प्रसव

**विदिशा (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के पठारी क्षेत्र के छपारा गांव में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। गुरुवार रात लेबर पेन शुरू होने पर संध्या पति संजय आदिवासी के परिजनों ने 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस को कई बार कॉल किया, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कोई वाहन नहीं पहुंचा। मजबूर होकर परिजन गर्भवती को पैदल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने निकल पड़े। रास्ते में दर्द बढ़ने पर गढ़ी मोहल्ला स्थित राशन दुकान के सामने महिला को सड़क किनारे लेटा दिया गया। कड़ाके की ठंड और खुले आसमान के नीचे मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में प्रसव कराया गया। गांव की चौकीदार हरी बाई और स्थानीय दाई राजबाई ने तिरपाल ओढ़ाकर सुरक्षित डिलीवरी कराई।


**3 घंटे तक जच्चा-बच्चा सड़क पर रहे, सीएमएचओ ने जांच के आदेश दिए**

# मौसम आज फिर लेगा करवट, कई जिलों में बारिश व ओलावृष्टि संभव

### कल और परसों दो दिन कहीं-कहीं हल्की व मध्यम बारिश होगी, शीत हवाएं चलेंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में मौसम एक बार फिर करवट लेने को तैयार है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताज़ा आंकड़ों और सैटेलाइट ईमेज के अनुसार, प्रदेश में 31 जनवरी की रात से एक नया और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र में दस्तक देगा। इसका असर हरियाणा में 1 और 2 फरवरी को देखने को मिलेगा, जब दक्षिणी और पूर्वी जिलों (जैसे गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी और नूंह) में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना है। 1 फरवरी को प्रदेश के कई हिस्सों में 50 से 75% बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं। इस बीच बीती रात को राज्य के औसत न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। 5.2 डिग्री के साथ महेंद्रगढ़ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। वर्तमान तापमान सामान्य के करीब ही बना हुआ है।



***5.2° के साथ महेंद्रगढ़ रहा सबसे ठंडा शहर***

**आगे ऐसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 4 फरवरी तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान 31 जनवरी को मौसम खुश्क, शीत हवाएं चलने और अलसुबह व देर रात्रि कहीं-कहीं धुंध रहने की संभावना है। 31 जनवरी रात्रि से पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य में मौसम में बदलाव होने से 31 जनवरी देर रात्रि व 1 फरवरी को ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरज चमक के साथ कहीं हल्की व कहीं मध्यम बारिश की संभावना है। इसी के प्रभाव से 2 व 3 फरवरी को राज्य के उत्तरी व दक्षिणी जिलों में कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। परंतु 4 फरवरी से मौसम खुश्क व शीत हवाएं चलने की संभावना है जिससे रात्रि तापमान में फिर से गिरावट आने की संभावना है।

---

### नए महीने में कई नियम बदलेंगे

# एलपीजी से लेकर सिगरेट व फास्टैग में होंगे कई बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस बार फरवरी आम लोगों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है। 1



फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई बड़े नियमों में बदलाव भी लागू होंगे। इन बदलावों का असर सीधे आपकी जेब, घरेलू खर्च, टैक्स प्लानिंग, निवेश और दैनिक जरूरतों पर पड़ेगा। गैस सिलेंडर से लेकर सिगरेट, ईंधन से लेकर बैंकिंग और फास्टैग तक हर क्षेत्र में कुछ न कुछ बदलाव संभव है। एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जाएंगी। खास तौर पर 14 किलो घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव की उम्मीद है। एयर टर्बाइन फ्यूल की नई कीमतें भी जारी होंगी। एटीएफ की कीमतों में बदलाव का असर सीधे हवाई यात्रा के किराए पर पड़ता है।

पिछले महीने 1 जनवरी को दिल्ली में एटीएफ की कीमतों में करीब 7फीसदी की कटौती हुई थी। तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर अतिरिक्त टैक्स लग सकता है। फास्टैग जारी करते समय केवाईसी वेरिफिकेशन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है, जिससे नए यूजर्स को राहत मिल सकती है।

---

### सीआरपीएफ जवान की सेवा बहाल, ब्याज देने का भी निर्देश

# शादी के कारण 3 दिन की अनुपस्थिति सेवा से हटाने का आधार नहीं : हाईकोर्ट

**यह प्राकृतिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को बड़ी राहत देते हुए उसकी बर्खास्तगी को अवैध करार दिया है। जस्टिस संदीप मौदगिल ने फैसले में कहा कि शादी के कारण केवल तीन दिन की अनुपस्थिति के आधार पर सेवा से हटाना न केवल असंगत है बल्कि यह प्राकृतिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों का भी उल्लंघन है। कोर्ट ने जवान को सेवा में पुन बहाल करने, पूरी सेवा निरंतरता देने और बकाया वेतन पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता भिवानी निवासी नवीन (पूर्व कांस्टेबल, जीडी) की सीआरपीएफ में 5 जनवरी 2015 को अस्थायी आधार पर नियुक्ति हुई थी।

**अनुशासन के नाम पर मानवता और न्याय को कुचला नहीं जा सकता** | **वर्दी पहनने से कोई नागरिक अपने मौलिक अधिकार नहीं खो देता**

### बिना विभागीय जांच कराए नौकरी से हटाया



नवीन ने गुरुग्राम, बिहार, केरल, महाराष्ट्र (लातूर) और ग्वालियर में प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान उनके पैर में चोट भी लगी, जिसे कोर्ट आफ इन्क्वायरी ने दुर्घटनावश बताया। अप्रैल 2017 में उनकी शादी तय थी, जिसके लिए उन्होंने अवकाश मांगा, लेकिन अनुमति नहीं मिली। इसके बावजूद वे 26 से 29 अप्रैल 2017 तक तीन दिन अनुपस्थित रहे, 28 अप्रैल को विवाह किया और तुरंत वापस ड्यूटी ज्वाइन कर ली। बिना कोई शोकाज नोटिस दिए और बिना विभागीय जांच कराए, ग्वालियर स्थित ग्रुप सेंटर के कमांडेंट ने 19 मई 2017 को उन्हें सीसीएस (टेंपरेरी सर्विस) रूल्स के तहत सेवा से हटा दिया। उनकी अपील 18 जनवरी 2018 को खारिज कर दी गई।

### सीसीएस रूल्स के तहत की गई कार्रवाई कानूनन गलत

हाईकोर्ट ने पाया कि सीआरपीएफ कर्मियों पर सीआरपीएफ अधिनियम और नियम लागू होते हैं, न कि सामान्य सीसीएस नियम। ऐसे में अनुशासनात्मक आरोपों पर सीसीएस रूल्स के तहत की गई कार्रवाई कानूनन गलत है। कोर्ट ने कहा कि जब बर्खास्तगी का आधार कथित अनुशासनहीनता है, तो उसे "टर्मिनेशन सिम्पिलसिटर" बताकर जांच से बचा नहीं जा सकता। परंतु वास्तविकता में यह दुराचार के आरोप पर आधारित है। ऐसे मामलों में बिना जांच की गई कार्रवाई न केवल दंडात्मक होती है, बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी खुला उल्लंघन करती है।

**खबर संक्षेप**

## एचएसवीपी को निर्देश ई-नीलामी से पहले विकास कार्य पूरे हों

**चंडीगढ़।** हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने सेक्टर 77 फरीदाबाद में एचएसवीपी द्वारा किए गए एक ई-नीलामी प्रकरण की समीक्षा करते हुए यह स्पष्ट किया है कि किसी भी प्लॉट को ई-नीलामी में शामिल करने से पूर्व सभी आवश्यक विकास कार्यों का पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। आयोग ने एस्टेट ऑफिसर को निर्देश दिए हैं कि आवंटी को देय विलंबित ब्याज का भुगतान किया जाए, कब्जे की तिथि में आवश्यक संशोधन किया जाए तथा वसूली गई एक्सटेंशन फीस नियमानुसार वापस की जाए। इस संबंध में अनुपालना रिपोर्ट 05 फरवरी 2026 तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने प्रभावित आवंटी मनोज वशिष्ठ को हरियाणा राइट टू सर्विस एक्ट, 2014 के प्रावधानों के तहत 5 हजार रुपये तक का मुआवजा प्रदान करने के आदेश दिए हैं।

## हरियाणा में जनगणना 2027 के लिए हाउस लिस्टिंग 1 मई से

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में जनगणना-2027 के अंतर्गत हाउस-लिस्टिंग कार्य की समय-सारिणी अधिसूचित कर दी है। यह कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में संपन्न किया जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त तथा जनगणना-2027 के लिए राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि यह नई अधिसूचना हरियाणा सरकार की 22 नवंबर, 2019 की पूर्व अधिसूचना को प्रतिस्थापित करती है। हालांकि, इस प्रतिस्थापन से पूर्व पूर्ण किए गए अथवा लंबित कार्यों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## फतेहाबाद के भूना में धरी रह गईं शादी की तैयारियां थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

फतेहाबाद जिले के भूना ब्लॉक के एक गांव में शुक्रवार को जहां दुल्हन के घर शादी की शहनाइयां बजनी थीं, वहां अचानक सन्नाटा छा गया। तय समय पर दूल्हे की बारात नहीं पहुंची। इससे पहले भी एक बार और तय समय पर शादी नहीं हो सकी थी, जबकि दुल्हन कनाडा से आई थी। बारात न आने से आहत दुल्हन पक्ष ने भूना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दूल्हा पक्ष को नोटिस जारी कर तत्काल थाने में उपस्थित होने के निर्देश दिए। नोटिस के बाद पटियाला से दूल्हा पक्ष के पांच लोग और तीन अन्य आस-पास के रिश्तेदार भूना थाने पहुंचे। बताया जा रहा है कि जैसे ही ये लोग गाड़ी से उतरकर थाने की ओर बढ़ने लगे, तभी वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान कासिमपुर निवासी 51 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कनाडा से शादी के लिए आई युवती, दूसरी बार भी बारात लेकर नहीं आया दूल्हा तो थाने में दोनों पक्षों में मारपीट

**दोनों बार दूल्हे के बीमार होने की बात कहने पर दुल्हन पक्ष भड़का**



### 4 फरवरी को पंचायत

थाने में मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को शांत कराया। घायल धर्मेंद्र सिंह का प्राथमिक उपचार कराया। दूल्हा पक्ष का कहना है कि युवक की तबीयत अचानक खराब हो जाने के कारण बारात नहीं आ सकी। वहीं, दुल्हन पक्ष के लोग इस दलील से संतुष्ट नहीं दिखे। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई के अनुसार, फिलहाल दोनों ही पक्षों ने लिखित में सहमति जताते हुए 4 फरवरी को दोबारा बातचीत करने का निर्णय लिया है। निष्पक्ष जांच की जा रही है।

### पिछले साल 2 दिन पहले रुकी थी शादी

भूना ब्लॉक के एक गांव की युवती पिछले कुछ वर्षों से कनाडा में रह रही है। परिवार ने बेटी की शादी के लिए पटियाला के एक युवक से 8 फरवरी 2025 की शादी की तारीख तय की। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन 6 फरवरी को दूल्हा पक्ष ने युवक के डिप्रेशन में आने और अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दे दी। अचानक शादी रुक गई और दुल्हन के हाथों में लगी मेहंदी सपना बनकर रह गई। इसके बावजूद दुल्हन पक्ष ने लोकलाज और बेटी के भविष्य को देखते हुए संयम दिखाया। शादी बिना हुए ही दुल्हन वापस कनाडा चली गई। इसके बाद दोनों परिवारों की सहमति से दोबारा शादी की तैयारी शुरू हुई और 30 जनवरी 2026 को नया विवाह दिवस तय किया गया। शादी के लिए लड़की को विशेष रूप से कनाडा से भारत बुलाया गया। लेकिन शादी से ठीक पहले दूल्हे ने फिर से पिछले वर्ष जैसा ही रवैया अपनाया। तय समय पर बारात नहीं पहुंची और विवाह समारोह एक बार फिर अधूरा रह गया।

### 20 लाख रुपये में बुक था बैंक्वेट हॉल

दुल्हन पक्ष ने बताया कि लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, कीमती कपड़े और शादी से जुड़ी हर छोटी-बड़ी चीज खरीदी गई। दूल्हा पक्ष की शर्त पर पातड़ा के एक बड़े मैरिज गार्डन को बुक किया गया, जिस पर 20 लाख रुपये से अधिक का खर्च आया। दुल्हन पक्ष ने बेटी की खुशियों के लिए आर्थिक रूप से किसी तरह का समझौता नहीं किया। दुल्हन पक्ष का कहना है कि उन्होंने भरोसे के साथ हर शर्त मानी, लेकिन दो बार ऐन मौके पर धोखा मिला। कनाडा से बेटी को बुलाने, शादी की तैयारियों और मैरिज गार्डन बुकिंग में भारी खर्च हुआ है। अब परिवार खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

## 13 ऑटोमैटिक पिस्टल, 2 देसी कट्टे व 34 कारतूस बरामद

# विदेशी गैंगस्टर के इशारे पर रोहतक आई हथियारों की बड़ी खेप के साथ 2 पकड़े

- इन हथियारों के सहारे किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था लोकल गैंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 15 अवैध हथियार और 34 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी विदेश में बैठे एक कुख्यात गैंगस्टर के संपर्क में थे और उसके निर्देश पर रोहतक के एक सक्रिय गैंग को हथियारों की सप्लाई करने आए थे। पुलिस के अनुसार इन हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी आपराधिक वारदात में किया जाना था।

एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि सीआईए-2 टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक पर अवैध हथियार लेकर रोहतक आ रहे हैं। सूचना के आधार पर जलेबी चौक के पास पुल के नीचे नाकेबंदी की गई। तलाशी के दौरान 13 ऑटोमैटिक पिस्टल, 2 देसी कट्टे और 34 कारतूस बरामद किए गए।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व हथियार।

### कुरुक्षेत्र व पानीपत के हैं आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुरुक्षेत्र के शाहबाद निवासी रमन और पानीपत निवासी रविंद्र के रूप में हुई है। दोनों आरोपी विदेश में बैठे गैंगस्टर के लिए हथियार सप्लाई का काम करते थे और रोहतक की एक एक्टिव गैंग तक असलहा पहुंचाने आए थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में सामने आया है कि वे सोशल मीडिया के जरिए गैंगस्टर के संपर्क में आए थे।

### एआई की चुनौती से निपटने को पुलिस बना रही प्लान : डीजीपी



**रोहतक।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने रोहतक दौरे के दौरान आईजी और एसपी स्तर के अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने साफ कहा कि अपराध का रास्ता अंततः जेल में ही जाकर खत्म होता है, इसलिए युवाओं को अपराध से दूर रखना पुलिस की प्राथमिकता है। डीजीपी ने बताया कि पहले सोशल मीडिया चुनौती था, अब एआई नई चुनौती बनकर उभर रहा है। एआई के जरिए फर्जी वीडियो, आवाज और धमकी जैसे अपराध बढ़ सकते हैं। इसे देखते हुए हरियाणा पुलिस एआई से निपटने के लिए तकनीकी और व्यावहारिक एक्शन प्लान तैयार कर रही है। डीजीपी के अनुसार पुलिस की रणनीति के चलते धमकी के मामलों में करीब 40 प्रतिशत की कमी आई है। अब तक 25 गैंगस्टरों को डिपोर्ट किया गया है, जबकि 2 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। वहीं, अब तक 67 गन कल्चर को प्रमोट करने वाले गानों पर प्रतिबंध लगवाया जा चुका है। दो पुलिसकर्मियों की मौत को दुखद बताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा पुलिस में जातिगत भेदभाव का कोई स्थान नहीं है।

## विज ने पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन व वन अधिकारी किए सस्पेंड



**सिरसा।** हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को सिरसा में जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। विज ने कालुआना गांव में जनस्वास्थ्य विभाग की भूमि से हरे पेड़ काटने के मामले में कार्यकारी अभियंता व एक फोरेस्ट अधिकारी को सस्पेंड करने के आदेश दिए। कालुआना गांव के जलघर से हरे पेड़ काटने के मामले में एडीसी की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट के बाद मंत्री ने यह कार्रवाई की। इसके अलावा इस मामले में झूठा एफिडेविट देने के मामले में अजय नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। इस मामले की जांच की मांग करने वाले व्यक्ति ने गांव के सरपंच पर हमला करने का आरोप लगाया तो बिजली मंत्री ने डबवाली की एसपी को सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के भी आदेश दिए।

## कमरे में अंगीठी जलाकर सोने से शिक्षक बेसुध



- स्कूल न आने पर प्रिंसिपल ने कमरे पर भेजा तो खुला मामला दरवाजा तोड़ बचाई जान

**कनीना।** बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोने पर एक शिक्षक बेसुध हो गए। कनीना उपमंडल के गांव खेड़ी तलवाना स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी विषय के शिक्षक शैलेश मेहता सुबह साढ़े नौ बजे की प्रार्थना सभा में उपस्थित न हुए तो प्राचार्य धर्मबीर सिंह ने उनके मोबाइल पर बार-बार कॉल की। कोई रिस्पांस न मिलने पर उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुरेंद्र सिंह को कमरे पर भेजा। दरवाजा न खुलने पर अन्य कर्मचारियों ने आकर दरवाजा तोड़ा। शिक्षक के बेसुध हालत में मिलने पर उन्हें शिक्षक ईश्वर सिंह व इंद्रजीत सिंह तुरंत उप नागरिक अस्पताल कनीना लाए, जहां से उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

**नीलामी नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त कार्यालय, रोहतक में जनगणना वर्ष 2021 का रिकार्ड निष्पादन करने के लिए खुली बोली के माध्यम से नीलाम किया जायेगा। कोई भी इच्छुक सरकार द्वारा स्वीकृत फर्म (Govt. Approved) दिनांक 06.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे जिला राजस्व अधिकारी, रोहतक की शाखा सरद कानूनगो में हाजिर आकर मु. 5,000/- रूपये की धरोहर राशि जमा करवाकर खुली बोली में भाग ले सकता है। विस्तृत नियमों/शर्तों की जानकारी मौके पर सुना दी जायेगी। जनगणना वर्ष 2021 का रिकार्ड का अवलोकन करने के लिए सदर कानूनगो शाखा (कमरा नं. 101) में सम्पर्क करें।

हस्ता/-कृते: उपायुक्त, रोहतक।

पीआरडीएच 1029/11/694/2026/42549/88/6 दि. 30.01.2026

ए-12039/01/2025-स्था. III
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
विज्ञापन सं/डीएसटी 01/2026 -स्था.।।।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में संपदा अधिकारी (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन स्तर 08 में) के '01' (एक) पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा (आईएसटीसी) सहित) के आधार पर भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम वैध ईमेल आईडी का प्रयोग करके ऑनलाइन पोर्टल https://recruitment.dst.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना है। आवेदन करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ /रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके उपरांत, अवर सचिव, भारत सरकार या समकक्ष रैंक के अधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित विगत पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टें / वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों तथा इन पांच वर्षों में प्राप्त एसीआर/एपीएआर ग्रेडिंग के सारांश पत्र के साथ, सफलतापूर्वक ऑनलाइन भेजे गए आवेदन प्रपत्र की हार्ड कॉपी जो अभ्यार्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हो, उचित माध्यम से अनिवार्य रूप से अग्रेषित किया जाना चाहिए ताकि वह ऑनलाइन पोर्टल के बंद होने की अंतिम तारीख से 30 दिन (सुदूर क्षेत्रों अर्थात असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, लाहौल और स्पीति जिला तथा हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए 45 दिन) के भीतर पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा इस विभाग को प्राप्त हो जाए। ऐसे संगठनों/संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थी (अन्यथा आवेदन करने के लिए पात्र) जिनके पास एपीएआर/एसीआर रिकॉर्ड करने की प्रणाली नहीं है, अपने आवेदन पत्रों के साथ अपने संगठन/संस्थान प्रमुख द्वारा विधिवत प्रमाणित विगत पांच वर्षों का कार्य विवरण तथा ग्रेडिंग उचित माध्यम से प्रस्तुत करें ताकि वह ऑनलाइन पोर्टल के बंद होने की अंतिम तारीख से 30 दिनों (दूरस्थ क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के लिए 45 दिन) के भीतर पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा इस विभाग को प्राप्त हो जाए। आवेदन प्रक्रिया और अन्य सामान्य शर्तों और अपेक्षाओं के लिए कृपया हमारी वेबसाइट (www.dst.gov.in) के प्रशासन और वित्त अनुभाग के अंतर्गत भर्ती प्रकोष्ठ वेबपेज पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें।

(लिली पाल)
अवर सचिव, भारत सरकार

CBC 36101/11/0013/2526

## ड्यूटी पर जूती पहनकर आया पुलिस कर्मी सस्पेंड

- एडीजीपी बोले- आप पुलिस विभाग में तैनात हैं, किसी पशुपालन विभाग में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एडीजीपी हरदीप सिंह दूहन शुक्रवार को पुलिस लाइन में निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एक पुलिस कर्मी के पैरों में जूती पहनकर ड्यूटी पर तैनात दिखाई देने पर एडीजीपी ने खूब फटकार लगाई और उसे तुरंत सस्पेंड करने के आदेश दिए।

इस दौरान उन्होंने एसीपी को भी फटकार लगाते हुए कहा कि आप एक राजपत्रित अधिकारी हैं। क्या आप अपने मुलाजिमों का टर्न-आउट नहीं देखते, कोई जूती पहनकर आ रहा है, कोई कैसी जैकेट में है। आप पुलिस विभाग में तैनात हैं, किसी पशुपालन विभाग में नहीं। जब कर्मचारी ने पैर में चोट लगने की बात कही तो उन्होंने कहा कि पुलिस बल में केवल नियमों की पालना की जाती है। अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी।



निर्देश देते एडीजीपी हरदीप सिंह।

### वर्दी हमारा गहना

एडीजीपी हरदीप सिंह दूहन ने कहा कि डीजीपी अजय सिघंल के आदेश पर सभी सीनियर अधिकारी जिलों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे झज्जर आए हैं। पुलिस कर्मी के सस्पेंड करने के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस अनुशासित फोर्स है। वर्दी हमारा गहना है। इस गहने का सम्मान करना सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निर्देश गए हैं कि जिले के सीलिंग प्लान सही तरीके से होने चाहिए। उन्होंने पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पुलिस अच्छा कार्य कर रही है।

## ट्रांसफार्मर फटने से हैचरी की दीवार गिरी, 12 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के शेरा के रकबे में स्थित चौधरी लेयर पोल्ट्री फार्म हाउस के पास लगे बिजली निगम के ट्रांसफार्मर में शुक्रवार सुबह धमाका हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि इससे लगते हैचरी परिसर में स्थित कमरे की दीवार गिर गई और मलबे में दबने व ट्रांसफार्मर से निकली आग की चपेट में आने से 12 लोग घायल हो गए। घायलों को गांव मतलौडा के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद सात घायलों को पानीपत सिविल अस्पताल रेफर किया गया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। जबकि मतलौडा व पानीपत के अस्पतालों में जाकर घायलों का हाल चाल जाना। इधर, प्रथम चरण की जांच में पता चला है कि बिजली निगम के ट्रांसफार्मर में टेक्निकल फॉल्ट के कारण ब्लास्ट हुआ। धमाके से निकली आग और कंपन से हैचरी की दीवार ढह गई। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। थानेदार मतलौडा ने बताया कि हादसे में 12 नागरिक घायल हुए है। वहीं, हादसे की जांच की जा रही है, घायलों के बयान दर्ज किए जाएंगे। यदि पुलिस की जांच में घटना के लिए कोई दोषी पाया गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

विज्ञापन सं. 22/2026 — प्रकाशन की तिथि : 30.01.2026

1. पद का नाम और पदों का श्रेणीवार विभाजन

आयोग एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) और अन्य सम्बद्ध सेवाओं के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणी वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | पद का नाम | सामान्य /यूआर | हरि. के डीएससी | हरि. के ओएससी | हरि. के बीसी(ए) | हरि. के बीसी(बी) | हरि. के ईडब्ल्यूएस | कुल | हरि. के ईएसएम | हरि. के पीडब्ल्यूबीडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) | 11 | 02 | 02 | 04 | 02 | 03 | 24 | सामान्य-01 बीसीबी-01 | एचएच-01 |
| 2. | डीएसपी | 02 | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 08 | बीसीए-01 | - |
| 3. | ईटीओ | 14 | 03 | 02 | 04 | 02 | 02 | 27 | सामान्य-01 | वीएच (सामान्य)-01 |
| 4. | डीएफएससी | 02 | - | - | - | - | - | 02 | - | एचएच-01 |
| 5. | एआरसीएस | 01 | 01 | - | - | 01 | - | 03 | - | - |
| 6. | डीएफएसओ | 01 | - | - | - | - | - | 01 | - | एचएच-01 |
| 7. | एईटीओ | 09 | 03 | 03 | 03 | 01 | 03 | 22 | सामान्य-01 | वीएच (सामान्य-01) एचएच (सामान्य-01) |
| 8. | टीएम | 02 | 01 | 02 (01 फ्रैश + 01 बैकलॉग) | 01 (बैकलॉग) | - | 01 | 07 | - | - |
| 9. | 'ए' श्रेणी तहसीलदार (अप्रेंटिस) | 02 | 01 | - | - | - | - | 03 | - | एचएच-01 |
| 10. | 'ए' श्रेणी नायब तहसीलदार (अप्रेंटिस) | 02 | 01 | - | 01 | - | 01 | 05 | - | - |
| | **कुल** | **46** | **13** | **10** | **15** | **07** | **11** | **102** | **05** | **07** |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 06.02.2026
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 26.02.2026 **अप. 05:00 बजे तक**
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 26.02.2026 **अप. 05:00 बजे तक**
अधिक जानकारी के लिये, लॉग ऑन करें **http://hpsc.gov.in**

**दिनांक : 30.01.2026** — **हस्ता/- सचिव, हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

संवाद-1156/13/375/2026/42553/88/6 दि. 30.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई भिवानी | लिफ्ट जल सेवाएं (एम) डिवीजन, भिवानी में आरडी 10990 सुन्दर डिस्टी. पर बाढ़ बचाव कार्यों के लिए विभिन्न इलैक्ट्रोमेकेनिकल उपकरण जैसे वीटी पम्प्स, इलैक्ट्रिक मोटर्स, स्टार्टर पैनल और अन्य सम्बद्ध एक्सेसरीज की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन और 4 अदद अन्य। | बंद होने की तिथि 11.02.2026 | 550 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 2 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग झज्जर | गांव सिलाना सिलानी, ब्लॉक व जिला झज्जर में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सलाइन और वाटर लॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 28.01.2026 09.02.2026 | 3,36,41,423/- | https://etenders.hry.nic.in | 9034766492 jhajjarasco@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ककाना भादरी में पं. मोहन पुत्र लक्ष्मी के खेत से परवेश पुत्र रामकुमार के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण (एचजीवीवाई) + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.02.2026 | 2,40,69,007/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सहारनी :- गांव सहारनी जिला सिरसा में ढाणियों में जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाने का प्रावधान, स्लुइस वॉल्व हौदियां, फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 29.01.2026 13.02.2026 | 1860527/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 5 | जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, अम्बाला | अम्बाला सिटी मण्डी हेतु बेरखेरी मण्डी, मण्डी परिवहन निविदा कार्य-2026-27 हेतु मण्डी श्रम एवं ढुलाई निविदा कार्य-2026-27 (एचडब्ल्यूसी)। | 28.01.2026 04.02.2026 | - | https://etenders.hry.nic.in | 8800154900 dfscamb1@gmail.com |
| 6 | सिंचाई नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में नारनौल में कैनाल कॉलोनी में एसई आवास की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 04.02.2026 | 1.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 7 | लोनिवि (भ व प) विभाग सिरसा | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में सुगम्य भारत अभियान (जीएसटी के बिना) हेतु डीएनआईटी + 1 कार्य। | 29.01.2026 05.02.2026 | 79,96,419/- | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि (भ व प) विभाग जीन्द | जीन्द जिले में गांव पोंकेरी खेड़ी में पुष्कर तीर्थ की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 07.02.2026 | 1,48,69,695/- | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | (भोज कोटी कंगर) - गांव कंगेर, जी.पी. भोज कोटी, ब्लॉक मोरनी में दीनानाथ हाउस से धर्मपाल हाउस तक गली और आर/वॉल का निर्माण (एमपीएलएडीएस आरएस) + 7 कार्य। | 29.01.2026 04.02.2026 | 39,71,695/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा पंचकूला | स्टील ग्रेड एफई-410 के अद्यतन संशोधित अनुसार आकार 200 मिमी × 6.4 मिमी और 250 मिमी × 8.00 मिमी, आईएस 4270/2001 से पुष्टिकृत, के ईआरडब्ल्यू एम.एस. पाइप्स का वार्षिक आर/सी। | 31.01.2026 02.03.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in, dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग रोहतक | भालोट सब ब्रांच के आरडी 124000 से 156014 तक विभिन्न संरचनाओं का पुनर्निर्माण/निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.02.2026 | 16,35,66,469/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 12 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | सिरसा में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में आर.ओ. सिस्टम सहित वाटर कूलर को बदलना। | 28.01.2026 05.02.2026 | 5,95,114/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में नये बस स्टैंड का निर्माण (ई.आई. आंतरिक के बकाया कार्य का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 29.01.2026 04.02.2026 | 39,29,868/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | हिसार में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 4 अदद शौचालयों का निर्माण और 2 अदद लिफ्टों के प्रावधान द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा के प्रावधान हेतु प्रसार-कच्चा लागत अनुमानित राशि रु. 66.06 लाख के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित करके आयोजित माननीय बिल्डिंग कमेटी, हरियाणा की बैठक के मिनट्स (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 28.01.2026 05.02.2026 | 39,30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | हिसार जिले में चौधरीवास से गवार तक रोड आरडी 0.00 से 5.560 (रोड आईडी 4953) रोड का मजबूतीकरण (एचटी/एलटी लाइन्स की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 28.01.2026 06.02.2026 | 2,10,14,242/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज फरीदाबाद | बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद में विद्युत और जन स्वास्थ्य कार्यों समेत पंचायत भवन का पुनरोद्धार। | 29.01.2026 10.02.2026 | 1,72,12,128/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | पम्प हाउस नं. 1 बधवाना डिस्टी. की पुरानी बिल्डिंग में 2 अदद 200 एचपी इलैक्ट्रिक मोटर सहित 2 अदद 35 सीएस वीटी एक्सईएल/मिक्सड फ्लो पम्प की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन एवं 7 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 10.02.2026 | 646.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज रेवाड़ी | 3 अदद प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाईयां (श्रेड्डर, बैलिंग, डस्ट रिमूविंग मशीन) जिला रेवाड़ी की आपूर्ति। | 04.02.2026 11.02.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज भिवानी | गांव हालूवास माजरा देवसर ब्लॉक व जिला भिवानी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, स्कीम 100 व्यक्ति जनसंख्या के लिए 0.6 एकड़ सीएम घोषणा + 2 कार्य। | 29.01.2026 03.02.2026 | 1,60,30,539/- | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/380/42568/I/88/6 दि. 30.01.26



हरियाणा सरकार

Surajkund Mela Authority

"विकसित भारत का आधार एक आत्मनिर्भर भारत भी है।
आइए, हम सब मिलकर "वोकल फॉर लोकल"
को हर नागरिक के जीवन का मंत्र बनाएँ।"
- नरेन्द्र मोदी



39वां

# सूरजकुंड इंटरनेशनल आत्मनिर्भर क्राफ्ट फेस्टिवल

Local to Global – आत्मनिर्भर भारत की पहचान

## उद्घाटन समारोह

31 जनवरी, 2026 | प्रातः 11:00 बजे | सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**मुख्य अतिथि**

**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**
भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा


**गरिमामयी उपस्थिति**

**डॉ. अरविंद कुमार शर्मा**
विरासत एवं पर्यटन मंत्री, हरियाणा

**सहभागी राष्ट्र**
मिस्र

**थीम राज्य**
Uttar Pradesh
UTTAR PRADESH TOURISM
उत्तर प्रदेश

Meghalaya TOURISM
मेघालय



टिकट बुकिंग सभी मेट्रो स्टेशन व दिल्ली मेट्रो सारथी मोबाइल ऐप पर उपलब्ध


मेले की टिकट के लिए QR कोड स्कैन करें
Google Play | App Store

HARYANA TOURISM Come, holiday with us! | विदेश मंत्रालय MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS | Ministry of Tourism Government of India | Development Commissioner for Handlooms | ICCR | Utsav | Indian handicrafts भारतीय हस्तशिल्प | Incredible India | MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION | उ.पू.ह.ह.वि.नि. NEHHDC

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने यह कहा था

# गजनवी और औरंगजेब विदेशी आक्रांता नहीं, हिंदुस्तानी लुटेरे



पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के एक बयान पर फिर सियासी बवाल मच गया है। अंसारी ने महमूद गजनवी और लोदी वंश के बारे में कहा था कि ये लोग हिंदुस्तानी लुटेरे थे। इन्हें विदेशी आक्रांता नहीं, बल्कि हिंदुस्तानी लुटेरे कहा जाना चाहिए। अंसारी कांग्रेस के सदस्य रह चुके हैं। ये बातें गजनवी के संदर्भ में थीं, जिन्होंने भारत पर कई आक्रमण किए थे और वह गजनवी वंश के शासक थे।

## वे यहीं के थे, बाहर से नहीं आए

अंसारी की टिप्पणी पर एक बार फिर से बवाल हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम ही ऐसे लोगों का महिमामंडन करता है, जो कि हिंदुओं के खिलाफ थे। एक वीडियो में अंसारी यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि गजनवी और लोधी बाहर से नहीं आए थे, बल्कि वेभारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा कि वे यहीं के थे, बाहर से नहीं आए थे।

अंसारी के बयान पर मचा बवाल भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# 'हिंदुस्तानी लुटेरे' वाले बयान को कांग्रेस की मानसिकता बताया, वे हिंदू विरोधियों का महिमामंडन करने में जुटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने हामिद अंसारी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अंसारी की टिप्पणी कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह इस बात का नया उदाहरण है कि कैसे कांग्रेस 'हिंदू विरोधियों का महिमामंडन करती है।'पूनावाला ने कहा कि अब कांग्रेस इकोसिस्टम और हामिद अंसारी उस गजनवी का महिमामंडन कर रहे हैं, जिसने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र किया। वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं और औरंगजेब और उन लोगों के अपराधों को सफेदपोश बनाते हैं जिन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार किए। दिल्ली दंगा के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को लपेटे में लेते हुए पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही अलगाववादी सोच रखने वाले लोगों के साथ खड़ी रही है। भाजपा ने कहा कि यह कांग्रेस की मानसिकता है।

**कांग्रेस ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध किया**

**वह अलगाववादी सोच रखने वाले लोगों के साथ खड़ी**

## इतिहास से खिलवाड़ कर रही कांग्रेस शरजील, खालिद को बताया था 'युवा नेता'



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला

पूनावाला ने अंसारी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक लंबा सोशल मीडिया पोस्ट लिखा है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस का इकोसिस्टम है। पूनावाला ने कहा कि पहले यही इकोसिस्टम शरजील इमाम और उमर खालिद जैसे लोगों को 'युवा नेता' बताता था। अब यही लोग गजनवी को हिंदुस्तानी बताकर उसके अपराधों को हल्का करने की कोशिश कर रहे हैं। यह हिंदू आस्था और इतिहास के साथ खिलवाड़ का एक नया तरीका है।

**भाजपा हर स्तर पर इसका विरोध करेगी**

ये यही लोग हैं, जो औरंगजेब जैसे शासकों के अपराधों पर पर्दा डालते हैं और हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा को कमतर आंकते हैं। भाजपा ने साफ किया है कि वह ऐसे बयानों का हर स्तर पर विरोध करती रहेगी।

## गोवा पुलिस पर नकाबपोश बदमाशों का जानलेवा हमला, दो जवान घायल

अलीराजपुर। एक आरोपी को गिरफ्तार करने आई गोवा पुलिस की टीम नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला बोल दिया। पुलिस टीम आरोपी हीरा सिंह बामनिया की गिरफ्तारी के लिए अलीराजपुर पहुंची थी। जैसे ही हीरा सिंह बामनिया को गिरफ्तार किया गया भीड़ ने पुलिस की टीम पर हमला कर दिया। हमले में गोवा पुलिस के दो जवान घायल हो गए। गोवा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर सीताराम मलिक भी हमले में घायल हैं। उनके कंधे पर चोट आई है। अचानक हुए हमले और चोटों के बावजूद, पुलिस आरोपी को रोकने में कामयाब रही। स्थानीय पुलिस को तुरंत अलर्ट किया गया और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा। बोरी पुलिस स्टेशन इलाके का रहने वाला बामनिया 2009 से एक सक्रिय अपराधी है और 2020 से कई मामलों में वांछित था।

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस और राहुल पर साधा निशाना

भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी

# राहुल को नॉर्थ-ईस्ट से क्या दुश्मनी? असम की पहचान गमछा नहीं पहना

डिब्रूगढ़ (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने असम में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए गमछा विवाद को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि जब राहुल गांधी ने गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में असम की पारंपरिक पहचान गमछा नहीं पहना, तो असम कांग्रेस इस पर चुप क्यों है? डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पूरे कार्यक्रम में केवल राहुल गांधी ही ऐसे नेता थे जिन्होंने नॉर्थ ईस्ट का गमछा नहीं पहना। आखिर उन्हें नॉर्थ ईस्ट से ऐसी क्या दुश्मनी है? शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल देश में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ये गमछा पहनकर नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का सम्मान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक नेता के व्यवहार से नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति कमजोर नहीं होगी। राहुल चाहे जो करें, नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति हमेशा फलती-फूलती रहेगी। भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

**शाह ने चला चुनावी दांव, कांग्रेस को नहीं मिली 'छांव'**

## डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता पर उठाए सवाल



सीएम हिमंत सरमा के साथ गृहमंत्री शाह

**अवैध घुसपैठ पर भी कांग्रेस को घेराः** गमछा विवाद के अलावा शाह ने कांग्रेस पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम जैसे सीमावर्ती राज्यों में अवैध प्रवासियों को राजनीतिक वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया। शाह ने कहा कि अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देकर कांग्रेस ने सिर्फ अपना वोट बैंक मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बनने वाली अगली भाजपा सरकार असम से चुन-चुनकर घुसपैठियों को भगाएगी।

**राहुल 'नॉर्थ ईस्ट विरोधी'**

गणतंत्र दिवस के बाद तस्वीरों और वीडियो में राहुल कुछ समय बाद गमछा पहने हुए नजर नहीं आए, जिसे भाजपा नेताओं ने इसे असम और नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का अपमान बताया है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई भाजपा नेताओं ने राहुल की "नॉर्थ ईस्ट विरोधी सोच" करार दिया।

**डिब्रूगढ़ को दूसरी राजधानी बनाने की सराहना की :** शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि डिब्रूगढ़ को असम की दूसरी राजधानी बनाने का फैसला ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि यहां 250 एकड़ में नए विधानसभा परिसर की आधारशिला रखी जा चुकी है। इसके अलावा गृहमंत्री शाह ने कहा कि सीएम सरमा ने असम के विकास में कई आयाम गढ़े। यहां कई संस्थान खुले। नए हवाई इड्डे भी सरमा के कार्यकाल में मिले।

**भाजपा ने इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ा :** गमछा को लेकर उठा विवाद अब सांस्कृतिक सम्मान बनाम राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का रूप ले चुका है। भाजपा इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ रही है, जबकि कांग्रेस इसे बेवजह का राजनीतिक मुद्दा बता रही है। चुनावों के मद्देनजर यह बहस असम की राजनीति में और तेज होने की संभावना है। शाह और भाजपा चाहती है कि असम में होने वाले चुनाव से पहले गमछा विवाद जोर पकड़े ताकि उनकी पार्टी के लोग असमिया लोगों को यह समझा सकें कि कांग्रेस असम और पूर्वोत्तर की संस्कृति के संरक्षक नहीं है।

**शुरुआत में पहना था 'पटका':** कांग्रेस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कार्यक्रम की शुरुआत में गमछा (पटका) पहना था और बाद में बैठने के दौरान उसे उतार दिया। उस समय कई अन्य नेता, जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल थे, गमछा पहने हुए नहीं दिखे। कांग्रेस ने भाजपा पर चुनिंदा राजनीति करने और एक औपचारिक कार्यक्रम को राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया।

## राष्ट्रपति को अयोध्या का न्योता, मार्च में जाएंगी



नई दिल्ली। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मार्च में अयोध्या आकर भगवान राम के दर्शन और पूजा कर सकती हैं। अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मिश्रा ने संकेत दिया कि राष्ट्रपति ने अनौपचारिक रूप से इस दौरे के लिए सहमति दे दी है।

महाराष्ट्र की राजनीति में 'बड़ा संकट'

## फडणवीस से एनसीपी ने अजित के विभागों पर पेश किया दावा



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात में पार्टी नेताओं ने पवार के पास रहे विभागों पर अपना दावा पेश किया। बताया जा रहा है कि एनसीपी के सीनियर नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल फडणवीस के 'वर्षा' बंगले पहुंचे और सीएम से मुलाकात की। बैठक के बाद पटेल ने कहा कि हम महायुति गठबंधन के साझेदार हैं, इसलिए अजित के पद को जल्द भरने के लिए सही निर्णय लेना जरूरी है। हमें जन भावना पर विचार करना होगा। परिवार को इस दुख से उबरने के लिए समय देना आवश्यक है। हम जल्द ही सुनेत्रा पवार और परिवार के साथ पार्टी के भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे। बताया जा रहा है कि एनसीपी ने रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है, जिसमें अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है।

## सांस्कृतिक और रचनात्मक विरासत की झलक दिखेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पर्यटन मंत्रालय गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में प्रतिवर्ष 26 से 31 जनवरी तक दिल्ली के लाल किले के सामने स्थित लॉन और ज्ञानपथ पर भारत पर्व का आयोजन करता है। भारत पर्व 2026 का समापन समारोह 31 जनवरी को शाम 5:30 बजे होगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे। पर्यटन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। भारत पर्व देश की सांस्कृतिक और रचनात्मक विरासत की झलक प्रदर्शित करता है।

गोवा में चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

## नवीन ने कोर ग्रुप बैठक की और नेताओं में भरा जीत का 'उत्साह'



पणजी (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को गोवा की राजधानी पणजी में पार्टी की कोर ग्रुप बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पहले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ सुबह हवाई अड्डे पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते हुए, सावंत ने भाजपा की गोवा इकाई में उच्च स्तर के उत्साह को रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी आगामी चुनावों में फिर से विजयी होगी। मुख्यमंत्री सावंत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन गोवा पहुंच गए हैं और हमने उनका भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी चुनावों में फिर से विजयी होगी। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ एक उच्च स्तरीय रणनीति बैठक की। चर्चा में पश्चिम बंगाल के मौजूदा राजनीतिक माहौल, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और राज्य भर में पार्टी की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए आगामी रणनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## दो बच्चों की मां पर 'आशिकी का भूत', पति को जहर देकर मारा, बच्चों ने खोली पोल

कोरबा। एक विवाहिता ने अपने बीमार पति को मारने के लिए जहर दे दिया और पुलिस के चंगुल से बचने के लिए योजनाबद्ध ढंग से पति को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करा दिया, जहां इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। मृतक के नाबालिग पुत्र पुत्रियों ने पुलिस को अपनी मां के काली करतूत का खुलासा किया तो पुलिस के भी होश उड़ गए, फिर क्या था पुलिस ने इस मामले में पत्नी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत लाटा अटल आवास में निवासरत अरुण सिंह 43 वर्ष अपनी पत्नी बंटी बाई व 13 वर्षीय पुत्र अजित व 9 वर्षीय पुत्री दीप्ति के साथ निवास करता था। बताया जाता है कि अरुण सिंह का पिछले एक साल से तबीयत खराब थी और इसके पहले 27 जनवरी को बंटी बाई ने अपने पुत्र से खेत में कीटनाशक डालने के लिए दवा मंगाई थी। 28 जनवरी की रात बंटी बाई ने अपने पति अरुण सिंह को जहर दे दिया था। देर रात करीब 1:30 बजे पति उल्टियां करने लगा लेकिन उसे अस्पताल लेकर पत्नी नहीं पहुंची बल्कि बच्चों द्वारा बोलने पर थोड़ी देर में ले जाएंगे कहती रही। बाद में उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान अरुण सिंह की मौत हो गई।


**दर्री थाना क्षेत्र के लाटा बस्ती का मामला**



## चिंतन

# स्कूलों में बेटियों को मिले गरिमामय वातावरण

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की असली पहचान यह नहीं होती कि वह कितने कानून बनाता है, बल्कि यह होती है कि वे कानून आम नागरिक खासकर सबसे कमजोर वर्ग के जीवन में कितना बदलाव ला पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में लड़कियों को मुफ़्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं, लड़के-लड़कियों के अलग शौचालय हों और दिव्यांगों के अनुकूल टॉयलेट बनाए जाएं, इसी बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था बेटियों की बुनियादी ज़रूरतों को समझने में असफल रही है। स्कूलों में बेटियों को गरिमामय वातावरण दिया जाना जरूरी है। यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 बराबरी के अधिकार का उल्लंघन है और यदि मासिक धर्म के दौरान उन्हें बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं नहीं मिलतीं, तो यह अनुच्छेद 21, यानी जीवन और गरिमा के अधिकार पर चोट है। मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन संसाधनों की कमी और सामाजिक चुप्पी ने इसे शर्म और बाधा का विषय बना दिया। यही वजह है कि आज भी लाखों लड़कियां पीरियड्स के दिनों में स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। सोशल वर्कर जया ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका और पिछले चार वर्षों से चल रही सुनवाई इस सच्चाई को उजागर करती है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से नजरअंदाज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश स्पष्ट करता है कि अब इसे केवल नीति या योजना कहकर टालने की गुंजाइश नहीं है। आज भी देश के कई हिस्सों में लड़कियां मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं, क्योंकि स्कूलों में न तो मुफ्त पैड उपलब्ध हैं और न ही इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था। नतीजा यह होता है कि पढ़ाई प्रभावित होती है, आत्मविश्वास टूटता है और धीरे-धीरे स्कूल छोड़ने की नौबत आ जाती है। हाल के दिनों में 'पीरियड-शेमिंग' के खिलाफ जो गुस्सा सामने आया है, वह इसी दबे हुए दर्द का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की टिप्पणी इस सोच को उजागर करती है कि शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों पर मासिक धर्म को लेकर जो व्यवहार होता है, वह एक परेशान करने वाली मानसिकता को दर्शाता है। यह सिर्फ लड़कियों की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता की परीक्षा है। यह आदेश केवल स्कूल प्रबंधन या सरकारी तंत्र के लिए नहीं है। यह उन कक्षाओं के लिए है, जहां कोई बच्ची मदद मांगने से झिझकती है। यह उन शिक्षकों के लिए है, जो सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में विवश हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो अक्सर चुप्पी साध लेते हैं, बिना यह समझे कि उनकी चुप्पी उनकी बेटी की शिक्षा पर कितना भारी पड़ सकती है। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा देना कोई एहसान नहीं, बल्कि एक संवैधानिक और मानवीय जिम्मेदारी है। अब जरूरत है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस आदेश को कागजों तक सीमित न रखा जाए। स्कूलों की मान्यता को इससे जोड़ना एक सख्त, लेकिन जरूरी कदम है। यह फैसला एक शुरुआत है उस बदलाव की, जहां शिक्षा के रास्ते में मासिक धर्म अब बाधा नहीं बनेगा, बल्कि समझ और संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया जाएगा।



दृष्टिकोण
पीयूष गोयल

# भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा, जो मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझेदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तिकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत



करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं, जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। इससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे। मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## आरक्षण
शशि शेखर




# यूजीसी डैमेज कंट्रोल, पर असल नुकसान किसका

राजनीति में कुछ भी अनायास नहीं होता और कोई भी मुद्दा वर्षों बाद जाकर फलीभूत होता है। जैसे, लोकपाल का मुद्दा हो या विधायिका में महिला आरक्षण का मुद्दा। ऐसे में, यह कयास लगाना गलत नहीं होगा कि यूजीसी नियमों के बाद, अब एक और पुरानी मांग निजी क्षेत्र में आरक्षण जोर पकड़ेगा। वैसे तो सर्वोच्च अदालत ने यूजीसी नियमों के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगा दी है। लेकिन, इन नियमों के बाद अब यह कारवां निजी क्षेत्र में आरक्षण तक पहुंचेगा। तब किसका नुकसान ज्यादा होगा, किसका नुकसान कम और ऐसा क्यों और कैसे होगा, आइये, इस पर एक तथ्यात्मक दृष्टिकोण से नजर डालते है। सर्वप्रथम, यूजीसी के बाद क्या हो सकता है, इलेक्टोरल डेमोक्रेसी में वोटर्स के हेड काउंट किए जाते हैं। जाहिर है, कोइ भी राजनीतिक दल ज्यादा वोट पाना चाहता है तो वह किसे ज्यादा तरजीह देगा? इसी सोच ने यूजीसी के नए नियमों को भी जन्म दिया था। मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल के दौरान, यह पहला ऐसा मास्टर स्ट्रोक था कि या तो विपक्ष का मुंह बंद था या समर्थन में खुल रहे थे।

2016 में संसद में स्वर्गीय राम विलास पासवान ने बार एक मांग रखी थी कि "एक ऐसा क़ानून लेकर आएं, जिससे पिछड़ों, अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का लाभ मिल सके।" जाहिर है, तब उस मांग पर किसी का ध्यान न जाना था, न गया। लेकिन, 21 दिसंबर 2021, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो का एक प्रेस रिलीज कहता है कि निजी क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अफर्मेटिव एक्शन पर एक समन्वय समिति 2006 में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा बनाई गयी थी। अब तक समन्वय समिति की 9 बैठकें हो चुकी हैं। पहली समन्वय समिति की बैठक में, यह कहा गया कि अफर्मेटिव एक्शन के मुद्दे बेहतर परिणाम पाने का सबसे अच्छा तरीका इंडस्ट्री द्वारा स्वैच्छिक कार्रवाई ही है। इस रिलीज के मुताबिक़, निजी क्षेत्र में आरक्षण के संदर्भ में, उद्योग प्रतिनिधियों का मानना है कि आरक्षण कोई समाधान नहीं है, लेकिन वे हाशिये पर खड़े वर्ग, विशेषकर एससी और एसटी के लिए वर्तमान भर्ती नीति को विस्तारित करने में सरकार और एजेंसियों के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं और साथ ही कौशल विकास और प्रशिक्षण को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा, शीर्ष उद्योग संघों ने समावेशन के लिए अपनी सदस्य कंपनियों के लिए स्वैच्छिक आचार संहिता (वीसीसी) भी तैयार की है। बहरहाल, अभी तक सरकार या निजी क्षेत्र ने सीधे प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण को स्वीकार तो नहीं किया है, लेकिन इस दिशा में बात आगे बढ़ती दिख रही है। 2016 में जो मांग राम विलास पासवान ने रखी थी, वो मांग खत्म नहीं हुई है और न ही उसे पूरी तरह नकारा गया है। बल्कि उस मांग पर धीरे-धीरे ही सही, लेकिन सकारात्मक रूख के साथ बात आगे बढ़ रही हैं। 2029 से पहले, मौजूदा केंद्र सरकार का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक शायद निजी क्षेत्र में आरक्षण हो सकता है! तब जो आज यूजीसी नियमों में ओबीसी शामिल किए हैं, क्या वे तब अपनी हिस्सेदारी नहीं चाहेंगे? हालांकि, कॉरपोरेट सेक्टर आसानी से आरक्षण स्वीकार कर लेगा, इसमें शंका है। वो भी एक साथ 50 फीसदी आरक्षण लागू करवा पाना शायद थोड़ा मुश्किल हो। फिर भी सरकार 5 फीसदी या 10 फीसदी से शुरुआत तो करवा ही सकती है। जो कायदे से पहले एसटी, फिर एससी को निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ मिलता, क्या यूजीसी नियमों में ओबीसी को शामिल किए जाने की वजह से ऐसा संभव हो पाएगा? क्या ओबीसी वर्ग के लोग यह दावा नहीं करेंगे कि उन्हें भी साथ ही में ये अवसर मिले। क्योंकि सरकार मान चुकी है कि भेदभाव तो ओबीसी के साथ भी होता आ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे एससी/एसटी वर्ग के लोगों के साथ। केंद्र सरकार की नौकरियों में सालाना दर पर ओबीसी की हिस्सेदारी बढ़ी तो जरूर है, लेकिन यह महज कुछेक हजार के आसपास है। एक बहुत बड़ी आबादी यानी ओबीसी, दलितों की ऐसी है जिन्हें सरकारी नौकरियों में अकोमडेट कर पाना संभव नहीं दिख रहा है। जाहिर है कि निजी क्षेत्र आखिर आरक्षण से अछूता क्यों रहे, ऐसी मांग वर्षों से होती आ रही है और शायद अब उसके मुकम्मल हो जाने की भी संभावना बन जाए। फिर, संख्या जिसकी जितनी भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। ओबीसी आबादी सर्वाधिक है। राजनीतिक रूप से वे किसी भी दल के लिए अपरिहार्य है। अब, यूजीसी नियमों में एक ही दायरे में ओबीसी/एससी/एसटी वर्ग को शामिल किए जाने के बाद, निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ जब मिलेगा, तब किसे भले ही अल्पकालिक लेकिन महत्वपूर्ण नुकसान होगा, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### काबिल भारतीयों को देश निकाला

बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकालने की बातें करते-करते इस देश ने कब अपने ही सवर्ण समाज को देश से भगाने की नीति बना ली, इसका जवाब कौन देगा? आरक्षण के नाम पर योग्यता का खुलेआम कत्ल हुआ, और मेहनती, काबिल सवर्ण युवाओं को भारत में दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। आज सच्चाई यह है कि भारत अपने सबसे तेज दिमागों को खुद धकेल-धकेल कर यूएसए, यूके और यूरोप भेज रहा है। जिस प्रतिभा पर भारत को खड़ा होना था, वही प्रतिभा आज विदेशों की कंपनियों, लैब्स और यूनिवर्सिटीज की रीढ़ बन चुकी है।यह ब्रेन ड्रेन नहीं बल्कि ब्रेन एक्साइल है। अगर यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़यां इतिहास में पढ़ेंगी कि भारत को किसी विदेशी ताकत ने कमजोर नहीं किया, भारत ने खुद अपनी सबसे काबिल संतानों को देश से बाहर निकाल दिया। **- प्रदीप देशपांडे**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### बापू को नमन




महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। पूज्य बापू ने स्वदेशी, स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गाँधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### प्रेम-सुंदर सम्मान



दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के बच्चों को 'प्रेम-सुंदर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह योजना इसी साल के दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट से लागू होगी। मेरी अनंत शुभकामनाएं और आशीर्वाद।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### सूचना का अधिकार



आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार अधिनियम की "पुनर्मूल्यांकन" की मांग की गई है। मोदी सरकार ने सूचना के अधिकार अधिनियम को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**


### सोशल मीडिया



बच्चे खाना खाते समय सोशल मीडिया स्क्रॉल कर रहे हैं, माता-पिता अनजान बने हुए हैं, यह हमारा भविष्य नहीं हो सकता। 16 से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना समय की मांग है।
**- सोनू सूद, फिल्म अभिनेता**

## करंट अफेयर

# अमेरिका भारत को 3 प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा



अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की 'शिव नटराज', चोल काल (12वीं शताब्दी) की 'सोमस्कंद' और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की 'संत सुंदरार विद परवई' हैं। ये मूर्तियां 'दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं', जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभायात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि 'शिव नटराज' प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।

## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं।



हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर नजर

## पांचवां टी-20: भारत-न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 7 बजे से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी20 विश्व कप से पहले शनिवार को जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी।

### ईशान के रूप में सैमसन का मजबूत विकल्प

ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अज्ञात चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था। ऑलराउंडर अक्षर भी नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी।



# गुजरात जाइंट्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर एलिमिनेटर में जगह बनाई

भाषा ▶▶| वडोदरा



• मुंबई को इतिहास में पहली बार हराया, गुजरात ने 11 रन से मैच जीता

कप्तान एशले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहैम के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर गुजरात जाइंट्स ने हरमनप्रीत कौर की 82 रन की आक्रामक पारी को बेनूर करते हुए गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को 11 रन से हराकर महिला प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में प्रवेश कर लिया। गार्डनर ने 28 गेंद में 46 और वेयरहैम ने 26 गेंद में 44 रन बनाये थे। दोनों के बीच 71 रन की अहम साझेदारी के दम पर गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 167 रन बनाये। जवाब में मुंबई की टीम सात विकेट पर 156 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत ने अकेले किला लड़ाने की कोशिश करते हुए 48 गेंद में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 82 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। यह लगातार आठ हार के बाद मुंबई इंडियंस पर गुजरात की पहली जीत है। मुंबई के भविष्य का फैसला अब रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वारियर्स के मैच के बाद होगा।


## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने कार्लोस

# अल्काराज ने पहली बार फाइनल में बनाई जगह, 5 सेटों में एलेक्जेंडर को हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई।

इस तरह से 22 साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अब उनका लक्ष्य करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना होगा। अल्काराज को पांव में ऐंठन और खिंचाव के कारण पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह पांच घंटे 27 मिनट में 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।




### दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला

चौथे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन ज्वेरेव टाइब्रेकर में फिर से कामयाब रहे और इस तरह से उन्होंने मैच को बराबरी पर ला दिया। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। इस सेट के छठे गेम में रोमांच तब चरम पर पहुंच गया जब अल्काराज ने ड्रॉप शॉट को लेने के लिए दौड़ लगाई और पूरी गति से स्लाइड करते हुए फोरहैंड विनर शॉट लगाया। इससे दर्शक खुशी से झूम उठे। अल्काराज ने आखिर में पांचवें सेट में 5-4 पर ज़्वेरेव की सर्विस तोड़ी और फिर पहले मैच प्वाइंट को भुनाकर फाइनल में प्रवेश किया।


### तीसरे सेट में लंगड़ाने लगे अल्काराज

अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज़्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी, जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की।

## टेनिस टूर्नामेंट : गाडेकी-पीयर्स ने लगातार दूसरे साल जीता मिश्रित युगल का खिताब

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स 1989 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड की फ्रांसीसी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया। फाइनल सेट के टाईब्रेकर में गाडेकी और पीयर्स की जोड़ी 7-5 से पिछड़ गई, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 9-7 की बढ़त बना ली। मैच प्वाइंट पर गिनार्ड ने बैकहैंड शॉट नेट में मार दिया, जिससे रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी अपना खिताब बचाने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इससे पहले जिम पुघ और याना नोवोत्ना ने 1988 और 1989 में लगातार खिताब जीते थे।



### देविका थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचीं

**बैंकॉक।** भारत की देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में घरेलू प्रबल दावेदार और शीर्ष वरीय सुपानिडा काटेथोंग को सीधे गेम में हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की 20 वर्षीय गैर वरीय खिलाड़ी ने संयम से खेलते हुए 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में सुपानिडा पर 21-19, 21-18 की जीत हासिल की। देविका ने पिछले साल मलेशिया इंटरनेशनल में पहला बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 63वें नंबर की खिलाड़ी देविका अब अगले दौर में चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त ह्वांग यू-सुन से भिड़ेंगी।

### स्क्वाश: क्वार्टर फाइनल में चोटरानी-अनाहत



**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी बैपटिस्ट मासोटी को हराकर वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उनके हमवतन वेलवन सेंथिलकुमार मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। विश्व में 49वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को 11-6, 7-11, 8-11, 11-1, 11-9 से हराया। इस पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेक्लान जेम्स से होगा। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने दूसरे दौर में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 11-5, 11-8, 12-14, 11-5 से हराया। वह क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त सना इब्राहिम से भिड़ेंगी।

## टाटा स्टील मास्टर्स

# डी गुकेश 11वें दौर में करेंगे हमवतन चिदंबरम का सामना

एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी



विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं। दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6.5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं। अमेरिका के हंस मोके नीमन और एर्दोगमस 5.5 अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश, जर्मनी के विंसेंट कीमर और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के पांच-पांच अंक हैं।


### एरिगैसी से आगे प्रज्ञाननंदा



भारत के आर प्रज्ञाननंदा और अनीश गिरी 4.5 अंकों के साथ अर्जुन एरिगैसी से आधे अंक आगे हैं। अरविंद 3.5 अंकों के साथ चेक ग्रैंडमास्टर थाई दाई वान गुयेन से आधे अंक आगे हैं। विश्व चैंपियन बनने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी गुकेश 12वें दौर में नीमन और अंतिम दौर में कीमर से भिड़ेंगे। इस साल के अंत में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी प्रज्ञाननंदा ने शुरुआती दो मैचों में हार के बाद अभी तक अपनी लय हासिल नहीं की है। उनका अगला मुकाबला कीमर से होगा। एरिगैसी और चिदंबरम का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में निराशाजनक रहा है और उन्हें सम्मानजनक स्थिति में पहुंचने के लिए बाकी बचे तीनों मुकाबले जीतने होंगे।

## फुल्टोन ने मनप्रीत का बचाव करते हुए इस्तीफा देने की धमकी दी, पर हॉकी इंडिया ने लिया आखिरी फैसला

**नई दिल्ली।** कोच क्रेग फुल्टोन ने अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए। विश्वसनीय सूत्र से पता चला है कि फुल्टोन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को 'बाहरी हस्तक्षेप' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन से जुड़े मामले में शामिल था। इसके बाद दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने मिलकर कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए जिसके बाद फुल्टोन परेशान हो गए।



# टी-20: दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से जीती सीरीज

## डीकॉक ने अपने 100वें टी-20 मैच में लगाया शतक

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में शतक जड़ा, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221 रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि डीकॉक की 49 गेंदों में 115 रन की मदद से 17.3 ओवर तीन विकेट पर 225 रन बनाकर 15 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली।

# हरियाणा टीम महिला सीनियर कबड्डी राष्ट्रीय चैम्पियन बनी

**हैदराबाद।** हरियाणा ने शुक्रवार को गत चैम्पियन भारतीय रेलवे को 39.37 से हराकर 72वीं महिला सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप जीत ली। निकिता ने हरियाणा के लिये 17 अंक बनाये जबकि रूचि ने नौ अंक जुटाये। भारतीय रेलवे के लिये पूजा ने सर्वाधिक 11 अंक बनाये। हरियाणा ने क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को और सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश को हराया था। वहीं रेलवे ने क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र और सेमीफाइनल में तमिलनाडु पर जीत दर्ज की थी। हिमाचल और तमिलनाडु को कांस्य पदक दिया गया।




किसानों की खेती को आधुनिक, आसान और किफायती बनाने के लिए - SMAM योजना

आधुनिक कृषि यंत्रों पर 40% से 50% तक का अनुदान

लाभार्थियों का चयन जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा किया जाएगा।

चयनित किसान विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत अपनी पसंद के निर्माता से मोलभाव करके कृषि यंत्र खरीद सकता है।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि
16 फरवरी, 2026

इच्छुक किसान एवं कृषि यंत्र निर्माता ऑनलाइन आवेदन करें
www.agriharyana.gov.in
अथवा
अधिक जानकारी के लिए
अपने जिले के उप-निदेशक कृषि या सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में संपर्क करें।

टोल-फ्री नंबर: 1800-180-2117

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा | www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana




भारत-अरब संवाद को मजबूती

# जयशंकर ने अरब लीग महासचिव के साथ की बैठक, सहयोग और समन्वय बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में लीग ऑफ अरब स्टेट्स (एलएएस) के महासचिव अहमद अबुल घीत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। मुलाकात को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज सुबह लीग ऑफ अरब स्टेट्स के महासचिव अहमद अबुल घेट के साथ एक सार्थक मुलाकात हुई। हमारे सहयोग को और मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समन्वय बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा, क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

## पीएम मोदी से आज मुलाकात करेंगे अरब देशों के विदेश मंत्री


एलएएस के महासचिव अहमद अबुल से जयशंकर की भेंट

भारत-अरब देशों के विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक (आईएएफएमएम) आज 31 जनवरी को होगी। बैठक वाले दिन अरब देशों के विदेश मंत्री सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त रूप से शिष्टाचार भेंट करेंगे और उसके बाद उनकी औपचारिक बैठक की शुरुआत होगी। जिसकी अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। इस वर्ष एक दशक के बाद यह बैठक हो रही है। पूर्व में इसका आयोजन वर्ष 2016 में बहरीन में किया गया था। बतौर पहली बैठक समूह के विदेश मंत्रियों ने सहयोग से जुड़े प्राथमिकता वाले पांच क्षेत्रों का चयन किया था। जिसमें ऊर्जा, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति मुख्य थे।

## कोमोरोस के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग

विदेश मंत्री जयशंकर ने कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद से भी मुलाकात की। मबे के साथ मुलाकात को लेकर उन्होंने लिखा कि शुक्रवार को कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद से मिलकर खुशी हुई। स्वास्थ्य, खेल, इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेसिटी बिल्डिंग में सहयोग पर चर्चा हुई। हमारे दोनों देशों के बीच ज्यादा बार बातचीत के महत्व पर सहमति हुई।


कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद और जयशंकर

## फिलिस्तीन के साथ गाजा शांति योजना पर चर्चा

*जयशंकर ने फिलिस्तीन की विदेश मंत्री और प्रवासी मंत्री वारसेन अगाबेकियान शाहीन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विकास सहयोग, गाजा शांति योजना और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि फिलिस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियान से मिलकर खुशी हुई। गाजा पीस प्लान और इलाके के विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हमारे विकास सहयोग की समीक्षा की और इसे आगे बढ़ाने के लिए पहलों पर सहमति जताई।*


फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन शाहीन और एस. जयशंकर

### भारत निभाएगा अहम भूमिका

फिलिस्तीन की विदेश मंत्री शाहीन ने कहा कि भारत फिलिस्तीन और इजराइल दोनों का दोस्त है और इस तरह वह दोनों पक्षों के बीच पुल बनाने और विचार देने में बहुत अहम भूमिका निभा सकता है। हम उम्मीद करेंगे कि भारत किसी भी शांति कोशिश में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगा।

### सभी 22 अरब देशों की होगी भागीदारी

भारत की मेजबानी में होने वाली इस बैठक में सभी 22 अरब देशों की भागीदारी देखने को मिलेगी। जिसमें उनके विदेश मंत्री, अन्य मंत्री, राज्य मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बता दें कि अरब राष्ट्र वे राष्ट्र हैं। जहां अरबी भाषा बोली जाती है। इनमें यूएई, सऊदी अरब, मिस्र, इराक, अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, जिबूती, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, यमन और मॉरिटानिया जैसे देश शामिल हैं।


## खबर संक्षेप

### कुवैत से आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग



**अहमदाबाद।** कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को शुक्रवार के दिन बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया, जिसके बाद एहतियातन रूप से विमान की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की।

### निपाह के डर से भारत से पशु उत्पादों पर बैन



**नई दिल्ली।** सेंट्रल एशियाई देश किर्गिस्तान ने भारत से जानवरों और पशु उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निपाह वायरस के डर के बीच राजधानी बिश्केक और दूसरे सबसे बड़े शहर ओश में अपने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग कड़ी कर दी है। भारत में फैल रहे वायरस के कारण बिश्केक और ओश के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए सख्त संक्रमण नियंत्रण उपाय लागू किए हैं। ये उपाय भारत में निपाह वायरस के प्रकोप के जवाब में लागू किए गए हैं।

नहीं थमता दिख रहा अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी

# परमाणु ठिकानों पर हमले और तख्तापलट की योजना, खास 'कमांडो' मिशन को देंगे अंजाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। इसमें मिलिट्र रेड और स्पेशल फोर्सेज ऑपरेशन शामिल हैं। इसके जरिए ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ पूर्ण पैमाने पर हमला किए बगैर तख्तापलट करने और उसके परमाणु महत्वाकांक्षा को खत्म करने पर विचार कर रहा है। अगर इस प्रस्ताव को अमल में लाया जाता है, तो इसमें ईरानी परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल फैसिलिटी पर तेज हवाई हमले और हाई रिस्क ग्राउंड ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए अमेरिकी सैनिकों की खास टुकड़ियां ईरानी जमीन पर उतरेंगी और मिशन अंजाम देकर वापस लौट जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन जिन योजनाओं पर विचार कर रहा है, इनमें अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज कमांडो को गुप्त रूप से ईरानी इलाके में भेजना और जून 2025 के हमलों के बाद बचे हुए न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट करना या उन्हें बेकार करना शामिल है।

यूएस स्पेशल फोर्सेज कमांडो गुप्त रूप से जाएंगे ईरान

*तुर्की ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने को कहा*

## ईरान से बात कर रहे हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप


आयतुल्लाह खामेनेई डोनाल्ड ट्रंप

हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वह ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई से बचना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि वह ईरान से बात कर रहे हैं। उन्होंने मिलिट्री ऑपरेशन से बचने की संभावना को खुला रखा, जबकि पहले चेतावनी दी थी कि तेहरान के लिए समय 'खत्म हो रहा है' क्योंकि अमेरिका इस क्षेत्र में एक बड़ा नौसैनिक बेड़ा भेज रहा है। ट्रंप ने कहा कि मैंने ईरान से बात करने की भी योजना बनाई है। हमने एक समूह को ईरान भेजा है। उम्मीद है कि हमें सैन्य कार्रवाई का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा।

## ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड आतंकी संगठन : ईयू



यूरोपीय संघ (ईयू) ने ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल कर दिया है। ईयू ने बताया कि ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई के चलते यह कदम उठाया गया है। यूरोपियन यूनियन कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। ईयू की शीर्ष राजनयिक काया कलास ने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि तेहरान में प्रदर्शनों के दमन का जवाब दिया जाना जरूरी है।

### इजराइल पहुंचा अमेरिका का 'विध्वंसक' पोत

अमेरिकी नौसेना का एक विध्वंसक पोत इजराइल के इलात बंदरगाह पर पहुंचा है। मिस्र और जॉर्डन के साथ इजराइल की सीमाओं के पास, अकाबा की खाड़ी पर स्थित दक्षिणी बंदरगाह पर विध्वंसक पोत का आगमन पूर्व निर्धारित था। ये अमेरिकी और इजराइली सेनाओं के बीच चल रहे सहयोग का हिस्सा है।



यह गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर है। इसमें एजिस सिस्टम है, जो एयर डिफेंस, मिसाइल डिफेंस और क्रूज मिसाइल (टोमाहॉक) लॉन्च करने की क्षमता रखता है। यह जहाज हवाई हमलों, मिसाइलों और जहाजों से लड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।

### अमेरिकी हमला पूर्ण युद्ध माना जाएगाः ईरान

ईरान ने ट्रंप की धमकियों पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगर अमेरिका की तरफ से कोई भी हमला होता है तो उसे पूर्ण पैमाने पर युद्ध की तरह देखा जाएगा। ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी भी दी है। ईरानी सेना का कहना है कि वह पहले से ज्यादा तैयार है और उसकी उंगलियां ट्रिगर पर है। ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि किसी भी अमेरिकी कार्रवाई पर तेहरान की प्रतिक्रिया सीमित नहीं होगी बल्कि यह एक निर्णायक प्रतिक्रिया होगी जो तुरंत दी जाएगी।

### परमाणु वार्ता शुरू करेंः तुर्की

तुर्की के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच वार्ता फिर से शुरू करना अमेरिका द्वारा संभावित हमलों के तनाव को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस्तांबुल में अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ हाकान फिदान ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए वार्ता जरूरी है।

इंडिया-ईयू एफटीए का दिखा असर

# अमेरिका ने पैक्स सिलिका गठबंधन में अब 'भारत' को भी किया शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीयू) को हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता कि अमेरिका भारत के सामने घुटनों पर आ गया। अमेरिकी विदेश उप सचिव (आर्थिक मामलों के) जैकब हेलबर्ग ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि भारत फरवरी 2026 में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का इस समूह में आना एक मील का पत्थर माना जा रहा है। बता दें, पैक्स सिलिका अमेरिका के नेतृत्व वाली एक ऐसी रणनीतिक पहल है, जिसे दिसंबर 2025 में शुरू किया गया था। इसका मुख्य मकसद वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना है। अमेरिका चाहता है कि आधुनिक तकनीक केवल भरोसेमंद लोकतांत्रिक देशों के पास ही रहे और चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम हो सके।


विदेश उप सचिव जैकब हेलबर्ग

### चीन को रोकेगा भारत

जैकब हेलबर्ग ने जोर देकर कहा कि शुरुआत में इस गठबंधन का केंद्र जापान और दक्षिण कोरिया जैसे मैन्युफैक्चरिंग हब थे। लेकिन अब सप्लाई चेन को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए भारत का साथ आना जरूरी है। भारत के पास न केवल खनिज संसाधन हैं, बल्कि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की विशाल प्रतिभा भी है। अमेरिका का मानना है कि भारत के आने से हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक नया विकल्प तैयार होगा। सच्चाई यह है कि अमेरिका अब अपनी तकनीकी सप्लाई चेन के लिए पूरी तरह चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहता। चीन के बढ़ते तकनीकी ताकत से निपटने के लिए एक बार फिर भारत की याद आई है।

## गणतंत्र दिवस समारोह में नौसेना को मिला सेनाओं के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते का पुरस्कार

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** गणतंत्र दिवस परेड समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर तमाम देशी-विदेशी मेहमानों के सामने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सैन्य मार्चिंग दस्तों और राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों को शुक्रवार को राजधानी स्थित राष्ट्रीय रंगशाला में आयोजित एक समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते के रूप में भारतीय नौसेना को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। केंद्रीय अर्ध-सैन्यबलों और अन्य सहायक बलों में इस श्रेणी में शीर्ष पुरस्कार पाने वालों में दिल्ली पुलिस का दस्ता शामिल हुआ। जबकि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की शीर्ष तीन झांकियों में क्रमशः महाराष्ट्र की गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक, जम्मू-कश्मीर (जम्मू-कश्मीर के हस्तशिल्प एवं लोक नृत्य) और केरल की (वाटर मेट्रो और 100% डिजिटल साक्षरताः आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर केरल) की झांकी को सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परेड में भाग लेने वाली सैन्य टुकड़ियों और झांकियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के बाद पुरस्कार हेतु उनका चयन करने के लिए तीन न्यायाधीशों के पैनल का गठन किया गया था। जिसके बाद ही यह परिणाम जारी किए गए हैं।

## बांग्लादेश ने चटगांव क्षेत्र में ड्रोन के लिए 850 एकड़ जमीन चीन को सौंपी

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने चटगांव के मीरसराय क्षेत्र में भारत को आवंटित स्पेशल इकोनॉमिक जोन (सेज) की करीब 850 एकड़ जमीन आधिकारिक तौर पर रद्द कर दी है। अंतरिम सरकार के इस फैसले के बाद अब यही भूमि चीन को ड्रोन निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए दे दी गई है। नई योजना के तहत चीन यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल टेकऑफ-लैंडिंग ड्रोन बनाएगा। बांग्लादेश सरकार के मुताबिक, प्लांट में इस साल के अंत तक उत्पादन शुरू हो जाएगा। चीन ने ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर भी सहमति दे दी है। यह प्लांट भारतीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगा, जिससे रणनीतिक चिंताएं भी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान के बाद ड्रोन निर्माण करने वाला तीसरा देश बन जाएगा।

## सुरक्षा कारणों से दवा के मूल देश का नाम 'लेबल' पर लिखने की मांग

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी सांसदों ने एक बार फिर मांग उठाई है कि दवाओं पर स्पष्ट रूप से यह दर्ज किया जाए कि उनका निर्माण किस देश में हुआ है। उनका कहना है कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत सहित कई देशों द्वारा दवाओं और उनके कच्चे माल के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने यह उजागर कर दिया कि अमेरिका की दवा आपूर्ति श्रृंखला अब भी बड़े पैमाने पर विदेशी देशों पर निर्भर है और इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा को गंभीर जोखिम हो सकता है। यह मांग अमेरिकी सीनेट की एजिंग पर बनी विशेष समिति की सुनवाई के दौरान उठी। सुनवाई का विषय था, 'लेबलिंग में सचः अमेरिकी नागरिकों को यह जानने का हक है कि उनकी दवाएं कहां से आती हैं।' समिति के अध्यक्ष रिक स्कॉट ने अपनी नई विधेयक पहल 'क्लियर लेबल्स एक्ट' का ऐलान किया।

स्पेन के वैज्ञानिकों को मिली सफतलता, 6 साल से चल रहा था चूहों पर शोध


# पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज खोजने का दावा!

**मैड्रिड।** पैंक्रियाटिक कैंसर को दुनिया के सबसे खतरनाक और जानलेवा कैंसरों में गिना जाता है। इसकी पहचान अक्सर देर से होती है और दवाइयों का असर भी बहुत सीमित रहता है। लेकिन अब स्पेन के वैज्ञानिकों ने इसके इलाज का रास्ता खोज लिया है। स्पेन के स्पैनिश नेशनल कैंसर रिसर्च सेंटर (सीएनआईओ) के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उन्होंने एक ऐसा इलाज विकसित किया है, जिसने प्रयोगशाला में चूहों में पैंक्रियाटिक कैंसर को पूरी तरह खत्म कर दिया। यह रिसर्च वैज्ञानिक मारियानो बार्बासिद के नेतृत्व में की गई है। यह इलाज तीन दवाओं (ट्रिपल-ड्रग थेरेपी) का संयोजन है। आमतौर पर कैंसर के इलाज में एक दवा या एक रास्ते को निशाना बनाया जाता है, लेकिन पैंक्रियाटिक कैंसर बहुत चालाक होता है। वह दवाओं के खिलाफ खुद को ढाल लेता है और दोबारा बढ़ने लगता है। इस नई थेरेपी में वैज्ञानिकों ने कैंसर के तीन अलग-अलग जीवन रक्षक रास्तों को एक साथ बंद कर दिया। इससे कैंसर कोशिकाओं को बचने या खुद को बदलने का मौका नहीं मिला।

पैंक्रियाटिक कैंसर से ही गई थी एपल सीईओ जॉब्स की जान

'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' जर्नल में प्रकाशित

### 10% मरीज ही 5 साल तक रह पाते हैं जिंदा



*पैंक्रियाटिक डक्टल एडेनोकार्सिनोमा, जो पैंक्रियाटिक कैंसर का सबसे आम और आक्रामक रूप है। क्योंकि ये जल्दी पकड़ में नहीं आता, इलाज के प्रति जल्दी प्रतिरोधक बन जाता है। यह सबसे खतरनाक कैंसरों में माना जाता है, क्योंकि इसके लक्षण बहुत देर से सामने आते हैं। ज्यादातर मामलों में बीमारी तब पकड़ में आती है, जब वह काफी बढ़ चुकी होती है। इसी वजह से इसके सिर्फ 10% मरीज ही 5 साल तक जिंदा रह पाते हैं। एपल के सीईओ स्टीव जॉब्स की 2011 में इसी से मौत हुई थी।*

*पैंक्रियाटिक कैंसर क्या है? : हमारे पेट के पिछले हिस्से में एक मछली जैसा ऑर्गन होता है। खास बात ये है कि ये ऑर्गन और ग्लैंड दोनों है। ये ऐसे एंजाइम और हॉर्मोन रिलीज करता है, जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। पैंक्रियाज की सेल्स शरीर की सभी सेल्स की तरह एक निश्चित पैटर्न में बढ़ती और नष्ट होती हैं। डेड सेल्स को हेल्दी सेल्स खाकर खत्म कर देती हैं। कैंसर होने पर ये पैटर्न को तोड़कर कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ने लगती हैं और मल्टीप्लाई होने लगती हैं।*

## चिल्ला-ए-कलां का दौर समाप्त



**श्रीनगर।** भीषण सर्दी के दौर 'चिल्ला-ए-कलां' की शुक्रवार को हुई समाप्ति के बीच कश्मीर घाटी के अधिकतर हिस्सों में रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। श्रीनगर सहित कई इलाकों में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे इस अवधि की कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। चिल्ला-ए-कलां की शुरुआत 21 दिसंबर को हुई थी। इस दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में कई बार अच्छी बर्फबारी हुई, श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी दर्ज की गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28